कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम कोटा, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल, कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.kotamc.org.in, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/अधि0 अभि0/निर्माण/2026/ 415–426 दिनांक :– 17/08/2026

ई–निविदा सूचना संख्या 24./2026–27

नगर निगम कोटा द्वारा निम्नांकित टेन्ट कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी आवेदको/फर्मो एवं अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा द्वारा Two Bid System पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम की वेबसाईट www.kotamc.org, www.kotamunicipal.org, http://sppps.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in, से प्राप्त कर सकेंगे।

निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) निविदा अपलोड करने की तिथि	निविदा के डी.डी. जमा कराने एवं तकनिकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	वित्तीय बिड खोलने की तिथि
20.08.2026 से 29.08.2026 तक	31.08.2026 डी.डी. (दोपहर 02.00 बजे तक) तकनिकी बिड (सांय 04:00 बजे)	तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

क्र. स.	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाखों में)	धरोहर राशि 2.0%	निविदा शुल्क	प्रोसेसिंग शुल्क
1	133वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2026 के अवसर पर टेन्ट हाउस सम्बन्धित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य।	90.00	180000/-	3500/-	1500/-

निविदा की शर्तें :–

1. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. 2013 के नियम एवं शर्तें निविदा में लागू होगें।
2. निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदकों/फर्मो द्वारा जमा की जाने वाली निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, धरोहर राशि आयुक्त नगर निगम कोटा की वेबसाइट www.kotamc.org.in, पर जाकर ऑन–लाईन जमा कराई जा सकेगी, जिसकी प्राप्ती रसीद/प्रति ऑन–लाईन https://eproc.rajasthan.gov.in, तकनिकी बिड में संवदेक द्वारा अपलोड करनी होगी। ऑफ–लाईन की स्थिति में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में धरोहर राशि व निविदा शुल्क, आयुक्त नगर निगम कोटा के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस MD-RISL जयपुर के नाम ही जमा करवाई जानी है। जिसकी ऑन–लाईन जमा रसीद की प्रति/डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति ऑन–लाईन https://eproc.rajasthan.gov.in, तकनिकी बिड में संवदेक द्वारा अपलोड करनी होगी एवं मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट/ ऑन–लाईन जमा रसीद की प्रति निर्धारित दिनांक व समय में सम्बन्धित कार्यालय में जमा कराना होगा। इसके अभाव में संवेदक/फर्म को असफल माना जावेगा। संवेदक निविदा से सम्बन्धित निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट इत्यादि फर्म के नाम से बनवाये। असफल संवेदक की सिर्फ धरोहर राशि लोटाई जावेगी। निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस (Non-Refundable) वापस नही की जावेगी।
3. निविदादता/संवेदक/फर्म का विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों एवं अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत प्रमाण पत्र/पंजीयन की छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
4. निविदादता/संवेदकों/फर्मो को वर्तमान स्थायी पते प्रमाण (नल/बिजली का बिल/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसैंस आदि) छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
5. निविदादता/संवेदक/फर्म का **पेनकार्ड** नम्बर की छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
6. निविदादता/संवेदक/फर्म का जी.एस.टी. विभाग में पंजीकृत **जी.एस.टी. पंजीयन** की छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
7. निविदादता/संवेदक/फर्म का जी.एस.टी. विभाग में **नवीनतम जी.एस.टी. रिर्टन** प्रमाण पत्र की छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
8. निविदादता/संवेदक/फर्म का कर्मचारी भविष्य निधि योजना में EPFO के अन्तर्गत **EPF & ESI पंजीयन** की छायाप्रति संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करनी होगी।
9. निविदादता/संवेदक/फर्म द्वारा ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में पंजीकृत संवेदक रजिस्ट्रेशन की प्रति तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा 100 रूपये के स्टाम्प पर ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. से श्रमिको के भुगतान की ओडिट कराने एवं ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. के समस्त प्रकार के दायित्वों का निवर्हन एवं नियोजित श्रमिको का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा तथा भविष्य में पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी शपथ पत्र पर आलेखित कर तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मूल शपथ पत्र उपलब्ध कराना होगा।
10. संवेदक को किसी किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कारपोरेशन अथवा उपक्रम में वर्तमान में **ब्लैक लिस्टेड/डी बार अथवा डिफाल्टर** घोषित नहीं किया जाना चाहिए, इस संबंध में 100 रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पैपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र निविदा के साथ सलंग्न किया जाना आवश्यक हैं।
11. संवेदक को नगर निगम कोटा के मेयर/पार्षद/अधिकारी/कर्मचारी से **ब्लड रिलेशन नहीं** होने बाबत् राशि 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र।
12. संवेदक को **पेन्डिंग लिटीगेशन (Pending Litigation)** इस आशय का शपथ पत्र में स्पष्ट करेगा कि "संस्था/फर्म का किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी संस्था के विरूद्ध कोई विवाद माननीय न्यायालय में विचाराधीन नही है।" के सम्बनध में 100 रूपये के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पर देना होगा।

13. उक्त कार्य हेतु संवेदक को निविदा में भाग लेने के लिए विगत तीन वित्तीय वर्ष (2023–24, 2024–25, 2026–27) में निविदा राशि 90.00 लाख रूपये का टर्न ओवर किसी भी एक वर्ष का होना आवश्यक होगा। इस हेतु संवदेक द्वारा सी.ए. से प्रमाणित ऑडिटेड बेलेंस शीट लगाया जाना आवश्यक होगा।
14. निविदादता/संवेदक/फर्म को निविदा में **सहमति पत्र** प्रारूप के अनुरूप संवेदक का स्वयं या फर्म के लेटरहेड पर भरकर स्वहस्ताक्षरार्थ तकनिकी बिड में संलग्न करना होगा/अपलोड करना होगा। (प्रारूप संलग्न है)
15. निविदादता/संवेदक/फर्म को **कैंसिल चेक की छायाप्रति** संवदेक द्वारा तकनिकी बिड में संलग्न करना होगा/अपलोड करना होगा।
16. निविदादता/संवेदक/फर्म को तकनिकी बिड़ के प्रत्येक पृष्ठ हस्ताक्षरित कर तकनिकी बिड में संलग्न करनी होगी/अपलोड करना होगी।
17. निविदा प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप में ऑन–लाईन प्रस्तुत किए जाने हैं।
18. कार्य के विलम्ब की स्थिति में गुणावगुण के आधार पर अनुबन्ध में निहित अधिकतम दर तक शास्ती लगायी जा सकेगीं।
19. अनुबन्ध करने में असमर्थ रहने अथवा कार्य करने में असमर्थ रहने पर अनुबन्ध की शर्त संख्या 02 व 03 के अन्तर्गत आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर नगर निगम कोटा उत्तर को कार्य करने का/जमा योग्य अर्नेस्ट मनी की शास्ती लगाने की कार्यवाही करने का निगम को अधिकार सुरक्षित रहेगा बिड सिक्यूरिटी घोषणा पत्र के अनुसार कार्यवाही कर सकेगा।
20. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होगें एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित करेंगे एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट हेतु सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित करेगें।
21. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
22. कार्य संपादन प्रतिभूति/सुरक्षा निधि की वापसी अनुबंध की शर्तो के अनुसार होगी।
23. वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 अनुसार आर.टी.पी.पी. नियम 2013 Additional Perfomance Security के लिए नियम 75 A जोडा गया है।
24. Work Performance Guarantee के रूप में कार्य आदेश जारी करने से पूर्व ली जावेगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात् निर्धारण दोष निवारण अवधि के उपरान्त कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही संवेदक को रिफन्ड की जावेगी।
25. तकनिकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती हैं तो आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।
26. *यदि कार्य निर्माण से संबंधित है तो, नाली रोड़ के कार्य से पहले नाली का कार्य प्रारम्भ करना होगा। नाली निर्माण के बाद सड़क का कार्य प्रारम्भ करेंगे।*
27. कार्य का स्थल परिवर्तन बिना सक्षम स्वीकृति के नही कर सकेंगे।
28. संवेदक को निविदा में मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ति कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ति नहीं किये जाने पर उस फर्म को असफल माना जावेगा।
29. ई–बोली प्रपत्र दो भागों में है। प्रथम भाग तकनिकी बिड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बिड है। बोली दाता द्वारा तकनिकी बिड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुये मय सील e-proc पोर्टल पर अपलोड करनी है। वित्तीय बिड आनलाईन BoQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे भिन्न रूप मे प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय दर वाला बिड डाक्यूमेंट केवल उन्ही फर्मो का खोला जायेगा, जिन्हें कमेटी द्वारा तकनिकी बिड डाक्यूमेंट में योग्य समझा जायेगा।
30. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तो की अवहेलना गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनःनिविदा आमंत्रित की जा सकेगी। नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा, जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।
31. निविदादाता दरों की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी। तदुपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
32. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा को होगा।
33. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित अंकित करनी होगी/BoQ में भरनी होगी।
34. फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर की कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।
35. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार/संवेदक को मान्य होगें।
36. सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय न्यायालय कोटा (राजस्थान) का ही क्षेत्राधिकार होगा।
37. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा द्वारा समय–समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगें।
38. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
39. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
40. निविदादाता विफल रहा है के मूल्य की निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर वसूली की जावेगी।
    - विहित परिदान कालावधि की एक चौथाई कालावधि तक विलम्ब — 2.50 प्रतिशत
    - विहित कालावधि से एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनाधिक कालावधि तक विलम्ब — 5.00 प्रतिशत
    - विहित कालावधि के आधे से किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि का विलम्ब — 7.50 प्रतिशत
    - विहित कालावधि के तीन चौथाई से अधिक की कालावधि का विलम्ब — 10.00 प्रतिशत
    - निर्धारित नुकसान की अधिकतम रकम — 10.00 प्रतिशत
41. नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर के आदेश क्रमांक प.3(10)नविवि/3/2012 पार्ट राजकाज–8193031 दिनांक 22.07.2024 के अनुसार "विभिन्न निर्माण कार्यों में उपयोगित खनिज बजरी की मात्रा का न्यूनतम 25 प्रतिशत एम–सेण्ड का उपयोग अनिवार्य होगा।"
42. उक्त वर्णित कार्यो की दोष दायित्व समय अवधि (Defect Liability Time Period) कार्य की प्रकृति अनुरूप आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. 2013 के नियम एवं शर्तें के तहत नियमानुसार होगी।
43. निविदा में स्वीकृत सामग्री/सेवाओं की दरें कार्यादेश तिथि से एक वर्ष के लिये मान्य होगी, उक्त अवधि को आपसी सहमति से नियमानुसार बढ़ाया जा सकता हैं।
44. स्वीकृत निविदादाता को नगर निगम कोटा द्वारा समय समय पर आदेश मिलने पर नगर निगम कोटा निर्दिष्ट स्थान पर सामान की निर्देशानुसार पूर्ण व्यवस्था करनी होगी। सामान टूट फूट रहित साफ तथा अच्छी क्वालिटी का होना आवश्यक हैं। स्वीकृत निविदाता को

इसके लिये अतिरिक्त चार्ज देय नही होगा। सामान की संख्या में कमी या बढोतरी करने का अधिकार नगर निगम कोटा को पूर्ण अधिकार होगा।

45. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तो की अवहेलना/खराब सामान आपूर्ति करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनःनिविदा आमंत्रित की जा सकेगी। नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा, जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।
46. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित होगी।
47. फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।
48. यदि निविदादाता किसी कार्यादेश की पूर्ति समय पर नहीं कर पावें अथवा आदेशों की अवहेलना करता है या आदेशों को लेने से मना करता है तो 5000/– रूपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना आगामी होने वाले भुगतान राशि में से काटा जावेगा।
49. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार को मान्य होगें। इसकी पुष्टि में बाद में आदेशों जारी किये जा सकेंगे।
50. ठेकेदार के ठेके को निरस्त करने की अवस्था में नगर निगम कोटा द्वारा उचित समझे जाने पर निविदा में भाग लेने वाली अन्य फर्मो से प्रथम निविदादाता वर्तमान ठेकेदार की अनुमोदित दरों पर कार्य करने की सहमति लेकर कार्य कराया जा सकेगा जो शेष अवधि के लिये होगा।
51. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगें।
52. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
53. तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
54. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
55. उक्त निविदा के सम्बन्ध में भविष्य में निविदा संशोधन एवं Addendum/Technical Bid Amendment जारी किया जाता है। तब निविदा में भाग लेने वाले संवेदक नगर निगम की वेबसाईट www.kotamc.org.in, www.kotamunicipal.org.in, http://sppps.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in, पर देख व प्राप्त कर सकते है।

नोटः– तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।

अधिशाषी अभियन्ता (ग)
नगर निगम कोटा

क्रमांक :– ननिको/अधि0 अभि0/निर्माण/2026/415-426
दिनांक :– 17/08/2026

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. श्रीमान प्रशासक, महोदय, नगर निगम कोटा।
2. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
3. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
4. उपायुक्त, महोदय (जोन–01, 02, 03, 04, 05) नगर निगम कोटा।
5. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. अधीक्षण अभियन्ता, महोदय, नगर निगम कोटा।
7. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना अनुसार तकनिकी बिड एवं वित्तीय बिड दस्तावेज तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
8. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ..... नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
10. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. निजी सहायक (प्रशासक, महोदय, आयुक्त, महोदय, अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, उपायुक्त, महादेय, अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा।
12. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा।

अधिशाषी अभियन्ता (ग)
नगर निगम कोटा

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम कोटा, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल, कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.kotamc.org.in, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/अधि0 अभि0/निर्माण/2026/ 415–426 दिनांक :– 17/08/2026

ई–निविदा सूचना संख्या 24 /2026–27

नगर निगम कोटा द्वारा "133वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2026 के अवसर पर टेन्ट हाउस सम्बन्धित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य" हेतु इच्छुक अनुभवी आवेदको/फर्मो एवं अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा द्वारा Two Bid System पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा दिनांक 20.08.2026 से दिनांक 29.08.2026 तक आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत, निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा की वेबसाइट www.kotamc.org, www.kotamunicipal.org, http://sppps.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in, देखी व प्राप्त की जा सकती है।

NIB Code No. DLB2627A7628 **UBN No.** DLB2627SLOB19736

अधिशाषी अभियन्ता (ग)
नगर निगम कोटा

क्रमांक :– ननिको/अधि0 अभि0/निर्माण/2026/ 415–426 दिनांक :– 17/08/2026
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. श्रीमान प्रशासक, महोदय, नगर निगम कोटा।
2. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
3. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा।
4. उपायुक्त, महोदय (जोन–01, 02, 03, 04, 05) नगर निगम कोटा।
5. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. अधीक्षण अभियन्ता, महोदय, नगर निगम कोटा।
7. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना अनुसार तकनिकी बिड एवं वित्तीय बिड दस्तावेज तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
8. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ..... नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
10. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनाक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. निजी सहायक (प्रशासक, महोदय, आयुक्त, महोदय, अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, उपायुक्त, महादेय, अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा।
12. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा।

अधिशाषी अभियन्ता (ग)
नगर निगम कोटा